भारत संचार निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का उपकम)
कार्यालय मुख्य महाप्रबन्धक दूरसंचार
विपणन शाखा, कमरा न0.07, दूरसंचार भवन, लाल कोठी, जयपुर . 302015
दूरभाष न0: 0141.2743316, फैक्स न0.: 0141.2743286

प्रेस विज्ञप्ति **क्रमांक 21/2021**

(31 .5.2021)

घर बैठे बीएसएनएल का मोबाइल कनेक्शन पाएं

कोविड महामारी में उपभोक्ताओ की सुविधा के लिए भारत संचार निगम लिमिटेड हमेशा से सतत प्रयासरत है । इसी कड़ी में बीएसएनएल, जयपुर ने **"घर बैठे बीएसएनएल का मोबाइल कनेक्शन पाएं"** सुविधा का आज शुभारम्भ किया ।

अब उपभोक्ता जिनको बीएसएनएल का नया मोबाइल कनेक्शन लेना हो अथवा अन्य ऑपरेटर के मोबाइल को बीएसएनएल में पोर्ट इन (हस्तांतरित) करवाना हो, वे अपनी इच्छा WhatsApp के Hi बीएसएनएल सेवा **9414024365** पर भेजकर, प्राप्त कर सकते है । यह सुविधा 24X7 उपलब्ध रहेगी और उपभोक्ता को किसी सॉफ्टवेर या एप की आवश्यकता नहीं होगी ।

इसके लिए उपभोक्ताओ को बीएसएनएल की **Hi BSNL सेवा 9414024365** पर अपने WhatsApp नंबर से Hi लिखकर भेजना है और बीएसएनएल प्रीपेड के लिए **2** और उसके बाद नया सिम लेने के लिए **20** और इसी तरह पोस्ट पेड कनेक्शन के लिए **Hi** टाइप करने के बाद आने वाले मीनू में **3** और उसके बाद **30** टाइप कर अथवा पोर्ट इन के लिए **25** टाइप कर तत्पश्चात इसी चैट में बीएसएनएल के फॉर्मेट पर अपना जिला और पिनकोड भेजना है । बीएसएनएल प्रतिनिधि उपभोक्ता से संपर्क कर, बीएसएनएल का प्रीपेड मोबाइल कनेक्शन, आवश्यक वाणिज्यिक औपचारिकता पूरी कर, प्रदान कर देंगे ।

राजस्थान परिमंडल के मुख्य महाप्रबंधक श्री संदीप गोविल ने बताया कि बीएसएनएल राजस्थान द्वारा हाल ही में शुरू की गयी WhatsApp सेवा Hi BSNL उपभोक्ताओ ने बहुत पसंद की है और अपनी शिकायत और सुझाव के लिए इसका प्रयोग बड़े स्तर पर उपभोक्ताओ द्वारा किया जा रहा है । पिछले 15 दिन में ही करीब 68000 उपभोक्ताओ ने इसका लाभ उठाया है । बहुत सारे उपभोक्ताओ ने इस सेवा की भूरी भूरी प्रशंसा भी की है ।

(विकास चंदेलिया)
जनसम्पर्क अधिकारी

बीएसएनएल आप के लिए, अपनों के लिए ।

मास्क का प्रयोग करे, सामाजिक दूरी रखे ।